# त्रैमासिक परीक्षा 2024-25

समय – 3 घंटा | विषय – हिंदीं 11वीं | पूर्णांक – 80

प्रश्न -1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – 6

1) कबीर भक्तिकाल की किस धारा के कवि थे –
(क) रामभक्ति (ख) ज्ञानाश्रयी (ग) कृष्ण भक्ति (घ) प्रेमाश्रयी

2) "फूले न समाना" मुहावरे का अर्थ है –
(क) अत्यंत प्रसन्न होना (ख) फूल कर मोटा होना (ग) अत्यंत दुखी होना (घ) फूल खिलना

3) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ - लता मंगेशकर की लोकप्रियता का मुख्य मर्म था –
(क) निर्मलता (ख) गानपान (ग) पवित्रता (घ) मीठापन

4) श्रृंगार रस का स्थाई भाव है –
(क) उत्साह (ख) विस्मय (ग) रति (घ) शोक

5) नमक की गाड़ियां जा रही थी –
(क) रामपुर (ख) नागपुर (ग) कानपुर (घ) श्यामपुर

6) हिंदी का प्रथम साप्ताहिक पत्र था –
(क) बंगाल गजट (ख) उदंत मार्तंड (ग) सरस्वती (घ) कर्मवीर

प्रश्न – 2 रिक्त स्थान की पूर्ति कर लिखिए – 6

1) संचारी भावों की संख्या——— होती है।
2) विदाई संभाषण ——— की रचना है।
3) मीरा के आराध्य ——— थे।
4) पूश शब्द का तत्सम रूप ——— है।
5) चित्रपट संगीत का मुख्य गुणधर्म ———है।
6) हिंदी का प्रथम उपन्यास ——— है।

प्रश्न -3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – 6

1) कबीर की रचना बीजक है।
2) शिव शंभू के चिट्ठे बालमुकुंद गुप्त की रचना है।
3) रचना के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं।
4) पत्रकारिता लोकतंत्र का पहला स्तंभ है।
5) चित्रपट संगीत में आधे तालों का उपयोग होता है।
6) शब्द शक्ति के तीन भेद माने गए हैं।

प्रश्न -4 सही जोड़ी का मिलान करें - 7

| | |
|---|---|
| 1) नरसी जी - रो - मोहरो | (क) भक्तिकाल |
| 2) नानबाइयों के मसीहा | (ख) अनुपम मिश्र |
| 3) स्वर साम्राज्ञी | (ग) जुगुप्सा |
| 4) जनसंचार की मजबूत कड़ी | (घ) मीराबाई |
| 5) हिंदी साहित्य का स्वर्णयुग | (ड़) लता मंगेशकर |
| 6) राजस्थान की रजत बूंदे | (च) प्रिंट मीडिया |
| 7) वीभत्स रस का स्थायीभाव | (छ) कबीर |
| | (ज) मियां नसीरुद्दीन |
| | (झ) रीतिकाल |

प्रश्न -5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – 7

1) मानव शरीर का निर्माण किन पांच तत्वों से हुआ है ।
2) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर पाठ के लेखक का नाम लिखिए ।
3) जनसंचार का कोई एक माध्यम लिखिए ।
4) पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को किस पद पर नियुक्त किया था ।
5) विस्तृत कलेवर वाले काव्य को क्या कहते हैं ।
6) भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है ।
7) रीतिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है ।

प्रश्न -6 छायावादी दो कवियों के नाम उनकी एक रचना सहित लिखिए । अथवा 2

सगुण भक्ति धारा के दो कवियों के नाम उनकी एक रचना सहित लिखिए ।

प्रश्न -7 कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है, उदाहरण सहित लिखिए । अथवा 2

मीरा जगत को देखकर रोती क्यों है ?

प्रश्न -8 दो महाकाव्य के नाम उनके रचयिता सहित लिखिए । अथवा 2

प्रबंध काव्य किसे कहते हैं ?

प्रश्न -9 प्रसाद गुण का उदाहरण लिखिए । अथवा 2

लक्षण शब्द शक्ति का उदाहरण लिखिए ।

प्रश्न -10 रेखाचित्र एवं संस्मरण में दो अंतर लिखिए । अथवा 2

कहानी और उपन्यास में दो अंतर लिखिए ।

प्रश्न -11 नानवाई किसे कहते हैं? अथवा 2

कुंई का मुंह छोटा क्यों रखा जाता है?

प्रश्न -12 निपात किसे कहते हैं? उदाहरण लिखो । अथवा 2

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए –

1) स्नान करो, विद्यालय जाओ (सरल वाक्य) 2. राम बुद्धिमान है (बिना भाव बदले नकारात्मक)

प्रश्न -13 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

1) उसका होश उड़ गया 2. पिता का पुत्र में विश्वास है - अथवा

मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए –

1) चार चांद लगाना 2. आंखों का तारा होना

प्रश्न -14 लता मंगेशकर के गायन की दो विशेषताएं लिखिए। अथवा 2

लय कितने प्रकार की होती है?

प्रश्न -15 जनसंचार माध्यम के दो उद्देश्य लिखिए। अथवा 2

जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन-कौन से हैं?

प्रश्न -16 कबीर अथवा मीरा का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – 3

1) एक रचना 2. भाव पक्ष - कला पक्ष 3. साहित्य में स्थान

प्रश्न -17 प्रेमचंद अथवा सत्यजीत राय का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए - 3

1) दो रचनाएं 2. भाषा शैली 3. साहित्य में स्थान

प्रश्न -18 भाव विस्तार कर लिखिए - (कोई एक) 3

1) न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं।

2) लड़कियां हैं, वह घास - फूस की तरह बढ़ती चली जाती हैं।

प्रश्न -19 अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 3

संस्कार ही शिक्षा है। शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा, किन्तु यह विचारधारा हमारी मान्यता की विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकाकी है, इसमें व्यावहारिकता का अभाव है, श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए थी।

1) शिक्षा इंसान को क्या बनाती है?

2) आज की शिक्षा प्रणाली कैसी है?

3) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

प्रश्न -20 निम्न पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग, एवं काव्य सौंदर्य सहित सरलार्थ कीजिए – 4

हम तौ एक एक करि जांनां।  
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिंन पहिचांनां ।।  
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।  
एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोंहरा सांनां ।।

<u>अथवा</u>

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई॥
जाके सिर है मोर- मुकुट, मेरो पति सोई।
छांड़ि दई कुलकी कानि, कहा करिहै कोई॥
संतन ढिग बैठि - बैठि, लोकलाज खोई॥

प्रश्न -21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या, संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित लिखिए – 4

आप ईमानदार बनने चले हैं। घर में चाहे अंधेरा हो, मस्जिद में अवश्य दिया जलाएंगे। खेद ऐसी समझ पर ! पढ़ना - लिखना सब अकारण गया। अथवा

बाकरखानी - शीरमाल - ताफतान - बेसिनी - खमीरी - रूमाली - गाव - दीदा - गाजेवान - तुनकी – फिर तेवर चढ़ा हमें घूरकर कहा - तुनकी पापड़ से ज्यादा महीन होती है, महीन। हां। किसी दिन खिलाएंगे, आपको।

प्रश्न -22 स्थानांतरण प्रमाण - पत्र प्रदान करने हेतु प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। अथवा 4
अपने पिताजी को पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा की तैयारी के विषय में जानकारी दी गई हो।

प्रश्न -22 किसी एक विषय पर रूपरेखा बनाकर 150 शब्दों में निबंध लिखिए – 4

1) मेरे प्रिय शिक्षक
2) जीवन में अनुशासन का महत्व
3) शिक्षा के क्षेत्र में कंप्यूटर की उपयोगिता
4) साहित्य और समाज
5) जीवन में खेलों का महत्व